हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
22 फ़रवरी 2025, समय 1810

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ कुरुक्षेत्र में गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म का अवलोकन किया।
- श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया और कहा कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यमुनानगर और बराड़ा में स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

- हरियाणा की 40 अनाज मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीन शुरू की जायेंगी।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय मेले का विषय उन्नत कृषि-विकसित भारत है।इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि किसानों और कृषि के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है क्योंकि विकसित भारत विकसित खेती के बिना नहीं बन सकता। किसानों के आगे बढे बिना नहीं बन सकता। उस दिशा में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेको कदम उठाए जा रहे हैं और उसी की यह एक कड़ी है किसान मेला। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अच्छे बीज, कई फसलों के लिए अच्छे बीज की किस्में तैयार कर रही है।

इस वर्ष कृषि विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित फसलों की अत्याधुनिक किस्में और प्रौद्योगिकियां हैं।

****

केंद्र सरकार और किसानों के बीच अब से कुछ ही देर में चंडीगढ़ में नए दौर की वार्ता शुरू होगी। जिसमें किसानों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिव राज चौहान करेंगे। “यह वार्ता, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं के साथ 14 फरवरी को चंडीगढ़ में हुई पिछली बैठक का ही एक हिस्सा है।"

****

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ कुरुक्षेत्र में गुरुकुल की प्राकृतिक कृषि फार्म का दौरा किया। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुरुकुल में हो रही सब्जियों व फलों की प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुकुल के 180 एकड़ कृषि भूमि पर जीवामृत से प्राकृतिक खेती हो रही है।उन्होंने कहा कि यह केवल देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार होता है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां ब्रोकली, स्ट्रॉबेरी, अंजीर व खजूर के पौधों को देखा और गुरुकुल में हो रही प्राकृतिक खेती की तारीफ की।कृषि वैज्ञानिक डॉ हरिओम ने उन्हें जानकारी दी कि किस तरह से प्राकृतिक खेती से किसान अच्छा लाभ ले सकता है।उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आचार्य देवव्रत गुरुकुल के संस्थापक है।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया।केन्द्रीय मंत्री ने आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन शुरू किया है। इसके तहत एक राष्ट्रीय स्तर की समिति बनाई जाएगी और इस मिशन को एक आंदोलन का स्वरूप देने का काम किया जाएगा।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा –

कृषि मंत्री ने कहा कि कहा कि उन्होंने गुरुकुल के इन खेतों में प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक रूप को देखा है । उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि के इस मॉडल को देखें और भले धीरे धीरे ही सही इसे अपनाएं।

किसानों से बातचीत बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई किसान संगठनों से बातचीत की गई है, आज भी किसानों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत होगी ।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी।आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप न्यूज़ ऑन ए.आई.आर पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला जिले के बराड़ा और यमुनानगर में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए प्रचार किया।बराड़ा में नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए बी जे पी प्रत्याशी हरजिंदर सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने मतदाताओं से बी जे पी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने यमुनानगर और बराड़ा के मतदाताओं से अपील की कि वे क्षेत्र का समग्र विकास के लिए उनके प्रत्याशी को विजयी बनाएं।

****

हरियाणा की 40 अनाज मंडियों में इस मंडी सीजन के दौरान अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू की जाएंगी। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक द्वारा मंडी अधिकारियों को पत्र जारी कर कैंटीन में साजो सामान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। पत्र के अनुसार स्वयं सहायता समूह को खाने की 25 रुपए की थाली पर 15 रुपए अनुदान दिया जाएगा जबकि किसान व मजदूर को यह थाली 10 रुपए में मिलेगी।

विभाग द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक कैंटीन में 15 मार्च से 31 मई तक और 15 सितंबर से 30 नवंबर तक खाना मिलेगा।